पुनर्विकास | बड़ी बड़ी क्रेन खीच रही यात्रियों का ध्यान

रेलवे ने शुरू किया एफओबी को हटाने का कार्य



जबलपुर, नवभारत। जबलपुर रेलवे स्टेशन पर बने पैदल पुल को अब रेलवे अलग करने लगा है। ये पुल के हट जाने से रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास के कार्य को भी गति मिल सकेगी। हालाकि अभी रिडेवलपमेंट कार्य हेतु टेंडर होना बाक़ी है। जानकारी अनुसार प्लेटफार्म नंबर 1 के बाहर से 6 की ओर बिना प्लेटफार्म के अंदर प्रवेश किये उस पार जाने के लिए एक समय रोजाना उपयोग होने वाला यह ब्रिज लंबे समय से अपनी अंतिम सांसे ले रहा था। जिसको तोड़ने के लिए पिछले कुछ दिनों से बड़ी बड़ी मशीनें यहाँ लगाई गई थी। बता दे कि प्लेटफार्म नंबर 1 के बाहर आरपीएफ थाना के समीप खड़ी विशाल क्रेन इस एफओबी को तोडने का काम कर रही है। इस क्रेन की ऊंचाई लोगों का ध्यान आकृष्ट कर रही है। बताया जाता है कि रेलवे ने इस ब्रिज की आयु होने के बाद इसे तोडने का निर्णय लिया था, ताकि कोई हादसा नहीं हो।

टेंडर होते ही शुरू होगा रीडेवलपमेंट का कार्य

बता दे कि जबलपुर रेलवे स्टेशन के रीडेवलपमेंट का कार्य शीघ्र शुरू होने जा रहा है, जिसके लिए लगभग 247 करोड़ रुपये भी मंजूर किये जा चुके हैं बस अब टेंडर प्रक्रिया पूरी होने का इंतजार है। इसी काम के सिलसिले में इस पुराने एफओबी को हटाना जरूरी हो गया था। मालूम हो कि लंबे वक्त से बंद पड़े इस पुल का उपयोग कर इस पार से उस पार जाने वाले यात्री परेशान थे। खास स्टूडेंट्स वर्ग जो पहले प्लेटफार्म नंबर 1 के बाहर से बिना अंदर प्रवेश किये 6 नंबर की ओर जा व वापसी करते थे, अब उनके सामने समस्या खड़ी हो जाएगी। अब अगर वे प्लेटफार्म के अंदर से उस पार जाएगे तो उन्हें प्लेटफार्म टिकट लेना अनिवाय हो जाएगा और अगर ऐसा नहीं करते हैं तो बिना टिकट जुर्माना किये जाने की संभावना बढ़ जाएगी।

रज्जाक मामले की सुनवाई जस्टिस अग्रवाल की बेंच ही करेगी

सीजे की अध्यक्षता वाली युगलपीठ ने दिए निर्देश

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने व्यवस्था दी है कि कई आपराधिक प्रकरणों में आरोपी अब्दुल रज्जाक के प्रकरण की सुनवाई जस्टिस विवेक अग्रवाल की डिवीजन बेंच में ही सुना जाएगा। दरअसल, पिछली सुनवाई के दौरान सरकार की आपत्ति के बाद जस्टिस विवेक अग्रवाल ने मामला चीफ जस्टिस को भेज दिया था। चीफ जस्टिस ने कहा कि जब इतनी लंबी सुनवाई जस्टिस विवेक अग्रवाल की बेंच में हो गई है, तो किसी अन्य बेंच में मामला भेजने का कोई औचित्य नहीं है। अब इस मामले की सुनवाई 17 अप्रैल को होगी।

दरअसल, वर्ष 2025 में अब्दुल रज्जाक की ओर से याचिका दायर कर कहा गया कि उसके खिलाफ दर्ज कई मामलों में अभी तक अंतिम रिपोर्ट दाखिल नहीं की गई है। जैसे ही एक मामले में जमानत मिलती है, उसी समय दूसरे प्रकरण में गिरफ्तारी दिखा दी जाती है। यह न्यायिक प्रक्रिया के साथ छलावा है। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मोहम्मद अली और शारिक अकील ने पैरवी की।

ग्राम रोजगार सहायकों के नियमितिकरण मामले में अंतिम मोहलत

मप्र हाईकोर्ट ने ग्राम रोजगार सहायकों के नियमितिकरण के मामले में राज्य सरकार को जवाब पेश करने अंतिम अवसर दिया है। जस्टिस विशाल धगट की एकलपीठ ने मामले की अगली सुनवाई 29 अप्रैल को नियत की है।

टीकमगढ़ निवासी अभिषेक पटेरिया व अन्य की ओर से दायर मामले में कहा गया कि मप्र में ग्राम रोजगार सहायकों की नियुक्ति संविदा आधार पर की जाती है। प्रदेश में करीब 25 हजार रोजगार सहायक पिछले कई वर्षों से संविदा पर कार्यरत हैं। उन्होंने दलील दी कि राजस्थान और हिमाचल प्रदेश सरकार ने वहां कार्यरत ग्राम रोजगार सहायकों को नियमितिकरण का लाभ दे दिया है। प्रदेश के रोजगार सहायकों ने कई बार सरकार को अभ्यावेदन दिया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। यह याचिका 2024 में दायर की गई थी। अभी तक सरकार ने कोई जवाब पेश नहीं किया है। जबकि इस मामले में 16 मई 2025 को सरकार व अन्य को नोटिस जारी किए गए थे। करीब 11 माह बीतने के बावजूद सरकार को जवाब नहीं आने पर कोर्ट ने सख्ती दिखाते हुए उक्त निर्देश दिए।

लालकुआ से युवक का अपहरण, माण्डवा में बनाया बंधक

नवभारत, जबलपुर। ग्वारीघाट में पूजा अर्चना करने गए लालकुआ गए एक युवक का अपहरण कर लिया गया। बाइक सवार बदमाश उसे माण्डवा बस्ती ले गए जहां एक मकान में बंधक बनाकर उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी और फरार हो गए। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शंकर नगर माढोताल निवासी 24 वर्षीय रिंकू विश्वकर्मा सोमवार सुबह करीब 8:30 बजे ऑटो से ग्वारीघाट पूजा-अर्चना करने गया था। इसके बाद वह अपने मित्र विपिन ठाकुर से मिलने के लिए लालकुआं पोलीपाथर पहुंचा। रिंकू जब मंदिर के पास खड़ा होकर अपने दोस्त का इंतजार कर रहा था, तभी वहां पुरानी रंजिश के चलते राज पटेल और शेरा उर्फ रोहित पटेल मोटरसाइकिल से पहुंचे। आरोपियों ने रिंकू के साथ गाली-गलौज की और उसे जबरदस्ती मोटरसाइकिल पर बैठाकर माण्डवा बस्ती ले गए। वहां आरोपियों ने उसे एक घर के अंदर बंद कर दिया और रोहित पटेल ने पाइप से उसकी पीठ पर वार कर गंभीर चोट पहुंचाई। घटना के दौरान रिंकू ने किसी तरह अपने दोस्तों चिंटू और अखिलेश विश्वकर्मा को सूचना दी। जैसे ही उसके दोस्त मौके पर पहुंचे, आरोपी वहां से फरार हो गए। ग्वारीघाट थाना प्रभारी हरिकिशन आटनेरे ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ अपहरण, मारपीट समेत अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। साथ ही उनकी गिरफ्तारी के लिए टीम भी गठित कर दी गई। पुलिस आरोपियों की तलाश में संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही है।

पमरे ने 9111 करोड़ का रेवेन्यू अर्जित किया

जबलपुर। पश्चिम मध्य रेल ने सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड उपलब्धि हासिल की है वित्तीय वर्ष अप्रैल 2025 से मार्च 2026 की अवधि में पश्चिम मध्य रेलवे ने 9111 करोड़ 19 लाख का कुल ओरिजिनेटिंग रेवेन्यू अर्जित किया। इसमे यात्री यातायात से 1159 करोड़ 50 लाख माल यातायात से 6079 करोड़ 02 लाख अन्य कोचिंग मद से 180 करोड़ 87 लाख विविध आय संद्री से 270 करोड़ रुपए शामिल हैं। यह आय पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 के 8222 करोड़ 89 लाख की तुलना में 10.80 प्रतिशत अधिक है।

तेज रफ्तार ऑटो पलटा, पति की मौत, पत्नी घायल

झामर-पिपरिया रोड पर दर्दनाक हादसा

नवभारत, जबलपुर। पाटन थाना अंतर्गत झामर-पिपरिया रोड पर सोमवार दोपहर तेज रफ्तार ऑटो अनियंत्रित होकरसड़क किनारे खेत में जा पलटा, जिससे उसमें सवार पति मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस ने अज्ञात ऑटो चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पिपरिया चंद्रभान निवासी राजकुमार पटेल (67) अपनी पत्नी ममता बाई पटेल के साथ करमेता स्थित प्रोफेसर कॉलोनी में रहने वाले अपने बेटे राकेश पटेल के पास गए थे। दोपहर लगभग 12 बजे जब वे ऑटो में सवार होकर वापस अपने गांव लौट रहे थे, तभी झामर और पिपरिया के बीच मुख्य मार्ग पर हादसा हुआ। मृतक के छोटे भाई रामसहाय पटेल ने पुलिस को बताया कि ऑटो चालक बेहद तेज गति और लापरवाही से वाहन चला रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, झामर-पिपरिया रोड पर संतुलन खोने के कारण ऑटो सड़क से उतरकर सीधे खेत में जाकर पलट गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि राजकुमार पटेल के सिर में गंभीर चोटें आईं। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण और परिजन मौके पर पहुंचे। दोनों घायलों को तत्काल उपचार के लिए शासकीय अस्पताल पाटन ले जाया गया। जहाँ परीक्षण के बाद डॉक्टरों ने राजकुमार पटेल को मृत घोषित कर दिया। वहीं, उनकी पत्नी ममता बाई का उपचार जारी है। पुलिस ने रामसहाय पटेल की रिपोर्ट पर अज्ञात ऑटो चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

चोरी की बाइक को बता रहा था अपनी, ट्रैफिक चेकिंग में हुआ खुलासा

नवभारत, जबलपुर। बीती रात महानद्दा क्षेत्र में ट्रैफिक पुलिस ने भ्रमण के दौरान चोरी की बाइक का खुलासा किया। जानकारी के अनुसार गढ़ा यातायात पुलिस द्वारा महानद्दा क्षेत्र में भ्रमण कर यातयात व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही थी। तभी शराब की दुखन के सामने नो पार्किंग में खड़ी बाइक पर जब ट्रैफिक पुलिस ने कार्यवाही करना शुरू की तभी एक युवक शराब की दुकान से बाहर निकला और अपनी बाइक की ओर बढ़ा। नो पार्किंग में खड़े वाहन के कारण ट्रैफिक पुलिस ने उसे रोक लिया। बाइक (एमपी 20 एमएक्स 737) की जांच में पाया गया कि नंबर प्लेट पर एक अंक गायब था।

आरक्षक वीरेंद्र को इस तत्परता में कुछ संदिग्ध लगा और उन्होंने बाइक की जांच शुरू की, तब वह वाहन स्वामी का नाम भी गलत बता रहा था।

खरीदने की कहानी भी नहीं हुई साबित

युवक ने बताया कि उसने बाइक 20 हजार रुपए में खरीदी थी। लेकिन न तो वह बेचने वाले का सही पता दे सका और न ही कोई वैध दस्तावेज पेश कर सका। ट्रैफिक पुलिस ने विजय को बाइक समेत गोरखपुर पुलिस के हवाले कर दिया। फिलहाल वह हवालात में है और मामले की आगे की जांच पुलिस कर रही है।

नंबर प्लेट और चेसिस जांच से लगा पता

टीआई इंदिरा ठाकुर की मौजूदगी में चेसिस नंबर की जांच की गई। इसके बाद खुलासा हुआ कि यह बाइक फर्जी रजिस्ट्रेशन पर दौड़ रही थी, मशीन के माध्यम से वाहन स्वामी का नंबर मिला जब ट्रैफिक पुलिस ने बात की तब वाहन स्वामी ने बताया कि उसकी बाइक दो साल पहले रामपुर इलाके से चोरी हुई थी। जिसकी एफआईआर भी दर्ज है।

शादी में गए परिवार, दो घरों में लाखों की चोरी

नवभारत, जबलपुर। गोहलपुर थाना अंतर्गत सारा सिटी में बेखौफ चोरों ने एक ही रात में दो सूने मकानों के ताले चटकाकर लाखों के माल पर हाथ साफ कर दिया। चोरों ने वारदात को उस वक्त अंजाम दिया जब परिवार शादी समारोह में शामिल होने रिश्तेदारी में गया हुआ था।

जानकारी के अनुसार सारा सिटी निवासी मोहसिन अंसारी छोटे साहब खान के साथ रिश्तेदारी में वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। दोनों परिवार घर में ताला लगाकर गए थे, लेकिन चोरों ने उनके सूने मकान की रेकी कर वारदात को अंजाम दे डाला। जब परिवार शादी से वापस लौटा, तो घर के हालात देखकर पैरों तले जमीन खिसक गई। घर का सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था और अलमारियों के लॉकर टूटे हुए थे। मोहसिन अंसारी के घर से चोरों ने अलमारी में रखे 90 हजार रुपये नकद और लगभग एक लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। छोटे साहब खान के घर से भी चोरों ने नकदी और गहनों समेत करीब ढाई लाख रुपये के माल पर हाथ साफ किया है। दोनों घरों से करीब साढ़े चार लाख रुपये से अधिक की चोरी का अनुमान लगाया जा रहा है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुँचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है।

रिटायर्ड कर्मी के घर से जेवरात और नकदी पार

नवभारत, जबलपुर। विजयनगर थाना अंतर्गत जे.डी.ए. कॉलोनी में चोरों ने एक रिटायर्ड कर्मचारी के सूने मकान का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात और नकदी सहित लाखों के माल पर हाथ साफ कर दिया। घटना उस वक्त हुई जब वे परिवार सहित एक सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने लखनऊ गए हुए थे। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, प्रेमचंद ओझा (63) खमरिया फैक्ट्री से सेवानिवृत्त हैं, वे लखनऊ गए थे। घर के ताले टूटे हुए हैं। सूचना मिलते ही प्रेमचंद ओझा आज 6 अप्रैल की सुबह जबलपुर पहुँचे, जब वापिस लौटे तो ताला टूटा मिला।

घरों के सोलर बिजली पर लगे फिक्स चार्ज से मुक्ति नहीं

आयोग ने फिक्स चार्ज को सही ठहराया

उपभोक्ताओं की जेब होगी ढीली

नवभारत, जबलपुर। स्वयं खर्च कर उपभोक्ताओं के घरों के छतों पर स्थापित सोलकर संयंत्र से बनी बिजली और उसके खपत पर फिक्स चार्ज लगाया जा रहा है। यह फिक्स चार्ज गलत है। नियामक आयोग ने इस आपत्ति को खारिज कर इस फिक्स चार्ज को सही माना है। मतलब ये साफ है कि अब सोलर वाले उपभोक्ताओं को चपत लगने वाली है। 26 मार्च को जारी टैरिफ आदेश के पृष्ठ 190 इश्यू कमांक 23 में आयोग ने स्पष्ट किया है कि उपभोक्ताओं द्वारा

सोलर संयंत्र लगाने के बाद निर्मित बिजली हेतु बिजली कंपनियों के वितरण नेटवर्क का उपयोग किया जा रहा है। इस नेटवर्क के लागत की वसूली हेतु यह फिक्स चार्ज वसूला जा रहा है, जो विद्युत अधिनियम 2003 के तहत् है।

फिक्स चार्ज भी है बहुत ज्यादा

विदित हो कि सोलर लगाने वाले उपभोक्ताओं के बिलों का विश्लेषण करने पर पाया गया कि लगाया जा रहा फिक्स चार्ज भारी भरकम है, वह सालाना 7 से 9 हजार मतलब प्रतिमाह लगभग 600 रू. है। अत: राज्य सरकार इसमें राहत प्रदान करे। यह मांग जनसंगठनों ने ऊर्जा मंत्री को पत्र भेजकर की है। जानकारी के अनुसार राहत प्रदान करने को लेकर एक जनसंगठनों की बैठक आयोजित की गई जिसमें डॉ. पी.जी. नाजपांडे, रजत भार्गव, एड. वेदप्रकाश अधौलिया, टी. के. रायघटक, डी.के. सिंग, सुशीला कनौजिया, गीता पांडे, सुभाष चंद्रा, संतोष श्रीवास्तव. डी.आर. लखरे, पी.एस. राजपूत शामिल थे।

नाराज़ होकर जनशताब्दी से इटारसी पहुंची बालिका, जीआरपी ने भेजा बाल गृह

जबलपुर, नवभारत। शहर में रहने वाली एक बालिका को उसके दादा-दादी ने डांटा तो शुक्रवार को वह घर से भाग गई। मदन महल स्टेशन से जनशताब्दी एक्सप्रेस में सवार होकर चली गई। दादा दादी ने उसे आसपास तलाशा और जब कहीं पता नहीं चला तो पुलिस में शिकायत की। सीसीटीवी कैमरा फुटेज जांच करने पर बालिका मदन महल स्टेशन में दिखी। वह प्लेटफार्म एक पर खड़ी जबलपुर-रानी कमलापति जनशताब्दी एक्सप्रेस में सवार होते दिखाई दी। जीआरपी थाना प्रभारी संजीवनी राजपूत के निर्देश पर मदन महल जीआरपी चौकी का एक दल गठित किया गया। चौकी प्रभारी जगन्नाथ सिंह धुर्वे के मार्गदर्शन में प्रधान आरक्षक विनोद तिवारी, आरक्षक हर्ष शर्मा, अंजनी राजपूत एवं शकुंतला के दल ने बालिका को तलाशना शुरू घंटे किया। तकनीकी जांच में बालिका की लोकेशन इटारसी में मिली। जीआरपी चौकी का दल इटारसी पहुंचा। वहीं स्टेशन में सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखी गई, जिसमें बालिका जनशताब्दी एक्सप्रेस से स्टेशन में उतरते दिखाई दी। जीआरपी कर्मियों ने बालिका के छायाचित्र और मुखबिर की मदद से उसकी तलाश शुरू की। वह स्टेशन के पास ही गुमसुम बैठी मिली। उसे सुरक्षित जबलपुर लाया गया है। स्वयंसेवी संगठन की मदद से बाल गृह में रखा गया है। जांच में पता चला है कि बालिका के माता-पिता नहीं है।

पेय पदार्थों के कई प्रतिष्ठानों से नमूने जब्त

जांच के लिए भोपाल भेजे गए सैंपल

नवभारत, जबलपुर। गर्मियों में बिकने वाले पेय पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने सोमवार को शहर के विभिन्न विक्रय प्रतिष्ठानों पर निरीक्षण अभियान चलाया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार दुबे के नेतृत्व में टीम ने लस्सी, मैंगो शेक, दही, जूस, आइसक्रीम और कोल्ड ड्रिंक के नमूने लिए। कार्रवाई के दौरान इच्छाधारी लस्सी एंड मिल्क प्रोडक्ट्स, मनपसंद फास्ट फूड एंड लस्सी कॉर्नर, बजरंग लस्सी, नायक दूध भंडार, बाहुबली दूध भंडार, लक्ष्मी जूस, दुबे चौपाटी,

महालक्ष्मी आइसक्रीम, महावीर कुल्फी एंड लस्सी और आपका अपना आइसक्रीम सहित कई प्रतिष्ठान शामिल रहे। सभी नमूनों को जांच के लिए भोपाल की राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अमानक पाए जाने पर संबंधित कारोबारियों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही दुकानदारों को शुद्ध सामग्री के उपयोग और कृत्रिम फ्लेवर से बचने के निर्देश भी दिए गए।

व्यापारी का फोन हैक, स्क्रीन हुई ब्लैक, खाते से उड़े 2.08 लाख

नवभारत, जबलपुर। कोतवाली थाना अंतर्गत तुलसीनगर में एक कपड़ा व्यापारी के मोबाइल को हैक कर शातिर ठग ने बैंक खाते से किस्तों में 2 लाख 8 हजार रुपये पार कर दिए। वारदात के दौरान पीड़ित का मोबाइल पूरी तरह से नियंत्रण से बाहर था और उसकी स्क्रीन ब्लैक हो गई थी।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार तुलसीनगर निवासी 47 वर्षीय पंकज जैन, करमचंद चौक के पास क्लासिक मार्केटिंग के नाम से फोम के गद्दों का व्यापार करते हैं। उनके मोबाइल की स्क्रीन अचानक काली पड़ गई थी और फोन बार-बार अपडेट मांग रहा था। फोन का कोई भी बटन काम नहीं कर रहा था। मोबाइल खराब समझकर पंकज ने उसे कुछ समय के लिए अलग रख दिया और अपने व्यापार में व्यस्त हो गए। जब पंकज का फोन सामान्य हुआ और उन्होंने मैसेज चेक किए, तो उनके इंडियन बैंक मढ़ाताल शाखा के खाते से 5 अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए कुल 2 लाख 8 हजार रुपये निकाले जा चुके थे। मोबाइल स्क्रीन ब्लैक होने के कारण उन्हें ट्रांजेक्शन के अलर्ट मैसेज समय पर नहीं मिल सके, जिसका फायदा अज्ञात ठग ने उठाया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है।

अल्टीमेटम | जबलपुर को स्वच्छ और सुंदर बनाने का 'मिशन मोड' शुरू, 15 दिनों में कार्य करें पूरा, निगमायुक्त ने दिया अल्टीमेटम

स्वच्छता में जबलपुर को नंबर-1 बनाने नगर निगम ने झोंकी पूरी ताकत

नवभारत, जबलपुर। जबलपुर को देश के सबसे स्वच्छ शहरों की सूची में शामिल कराने के लिए नगर निगम ने पूरी ताकत झोंक दी है। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के निर्देश पर स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के तहत् शहर में बड़े पैमाने पर स्वच्छता संबंधी कार्य कराये जा रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार को निगमायुक्त ने स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान के लिए शासन द्वारा जारी सिटी प्रोफाइल के अनुरूप कार्यो को जमीनी धरातल पर कराने स्वास्थ्य अमले के साथ-साथ नगर निगम के सभी इंजीनियरों के साथ समीक्षा बैठक की और आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। बैठक में निगमायुक्त

ने कहा कि 'सिटी प्रोफाइल' को पूर्ण करने के लिए मात्र 15 दिनों की समय-सीमा निर्धारित की है। उन्होंने निर्देश दिए कि टीम के सभी सदस्य आपसी समन्वय स्थापित कर डेटा एंट्री और दस्तावेजीकरण पर फोकस करें। उन्होंने कार्य में तत्परता सुनिश्चित करने आगामी 15 दिनों के भीतर सिटी प्रोफाइल से जुड़े समस्त तकनीकी एवं मैदानी कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि समय-सीमा के पश्चात लंबित कार्यों के लिए संबंधित अधिकारी व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगे।

इन क्षेत्रों पर रहेगा विशेष फोकस

शहर के सौंदर्यीकरण और बुनियादी स्वच्छता ढांचे को मजबूत करने के लिए व्यापक कार्ययोजना तैयार की गई है जिसमें रोड डिवाइडर, पेवर ब्लॉक और उद्यानों का कायाकल्प कर शहर को आकर्षक लुक दिया जाएगा। शहर में हरियाली बढ़ाने और नालों को जाली से ढकने जैसे कार्यों से स्वच्छता के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण भी होगा। सामुदायिक एवं सार्वजनिक शौचालयों की व्यवस्थाओं को दुरुस्त कर आम नागरिकों के लिए बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा रही है।

सिटी ब्यूटिफिकेशन के लिए 'थ्री-आर' पर निगमायुक्त का विशेष फोकस

नगर निगम अब कचरे के प्रबंधन से आगे बढ़कर उसके पुन: उपयोग और चक्रण पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। बुक बैंक, थैला बैंक और बर्तन बैंक के माध्यम से कचरे को कम करने और संसाधनों को साझा करने की संस्कृति को बढ़ावा दिया जा रहा है।

नागरिकों की शिकायतों का त्वरित समाधान

सी.एम. हेल्पलाइन के प्रकरणों का 'एल-1' स्तर पर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश देकर निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने नागरिकों के प्रति अपनी जवाबदेही निर्धारित की है। निगमायुक्त ने बैठक में कहा कि सभी प्रकरणों पर संतुष्टि के साथ कार्यवाही सुनिश्चित कर पालन प्रतिवेदन 5 दिन के अंदर प्रस्तुत करें। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के साथ नगर निगम के सभी इंजीनियर्स आदि उपस्थित रहे।